RAJYA SABHA

Friday, the 10*th May,* 2002/20 *Vaisakha,* 1924 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Non-availability of Urea

*641. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-itme titled, "more fertilizer units should be closed", appearing in the Statesman dated 14th April, 2002;

(b) if so, whether Government are taking into consideration the absence of any Urea producing units in West Bengal and Bihar, after the proposed closure of Haldia, Durgapur, Barauni and Jharkhand;

(c) if so, the impact of non-availability of Urea in those States, after the proposed removal of administrative pricing system of Urea and ECA; and

(d) the steps taken by Government to have green-field or brown-field Urea producing units in these States?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI SUKHDEV SINGH DHINDSA): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir. A Group of Ministers (G.M) has been constituted in June, 2001 to examine the comprehensive rehabilitation/ restructuring proposals of the four sick fertilizer Public Sector Undertakings (PSUs) of Hindustan Fertilizer Corporation Ltd. (HFC),

Fertilizer Corporation of India Ltd. (FCI), Projects & Development India Ltd. (PDIL) and Pyrites, Phosphates & Chemicals Ltd. (PPCL), based on their unit-wise techno-economic viability. GM's recommendations are to be submitted to the competent authority in the Government.

(c) There is no proposal at present for immediate removal of distribution control on Urea.

(d) There is no decision on any fresh investment for a new unit under public/cooperative sector. Setting up of' fertilizer plants in the private sector is not subject to any licensing requirements.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, firstly, I apologise for a certain mistake in part (b) of the main question where it has been stated, whether the Government is taking into consideration the absence of any Urea producing units in West Bengal and Bihar, after the proposed closure of Haldia, Durgapur, Barauni and Jharkhand. Sir, Jharkhand should come after 'Bihar'. It is a mistake in the question which I should point out. आप चेयर पर हैं, मुझे आपसे इस बात का जिक्र करते हुए शर्म आती है कि फर्टिलाइज़र यूनिट्स के रिवाइवल की बात करते हुए 7 साल हो गए लेकिन कुछ नहीं हुआ। हिंदुस्तान फर्टिलाइज़र कारपोरेशन और फर्टिलाइज़र कारपोरेशन ऑफ इंडिया की सिन्दरी, तालचेर, गोरखपुर, रामगुंडम, दुर्गापुर, हल्दिया, बरौनी और नामरूप युनिट्स के रिवाइवल की बात चल रही है। इन 8 यूनिट्स में से नामरूप को छोड़कर बाकी सभी युनिट्स में अभी तक the Government has not decided it formally. But this process has been going on for the last six or seven years कि रिवाइवल होगा and it is under the consideration of the Group of Ministers. I am not trying to stress this point any further. If time is the essence of revival, then there is no idea of talking about it. It may be under consideration for 10 or 15 years, till I die. But these companies, these units are not going to be revived. I am not going into that part at all. My point is, there are four States, namely, West Bengal, Bihar, Jharkhand and Orissa which I am talking about, where 30 lakh tonnes of Urea is being consumed. The total consumption of Urea in the entire country is about 210 lakh tonnes. So, these States are consuming 15 per cent of it. Now, these five units, namely, Sindri, Barauni, Durgapur, Haldia

and Talcher, are not running. They will be run neither in the public sector nor in the private sector nor in the cooperative sector. There is not a single Urea-producing unit in these four States, in spite of their consuming 15 per cent of the total Urea produced in the country. There is no Urea-producing unit in any sector. The administered price mechanism is going to be removed slowly as per the Report of the Expenditure Reforms Commission. They have got a time frame by which slowly, slowly by 2006, it will be left to the market forces. So far as the allocation which is being made under the Essential Commodities Act, under the Distribution System is concerned, that is also going to be removed if the recommendations of the Expenditure Commission are implemented. There will be no allocation from the Government. It will be a free maket. जहां तक यूरिया का सवाल है, इन 4 स्टेट्स को क्या हम रेगिस्तान बनाना चाहते हैं? There are seven (7) Ministers in the Union Cabinet 10, 12 या 15-10 परसेंट मिनिस्टर्स जो हैं, They are all from Bihar and Jharkhand. Sir, 10 per cent of the Ministers are from these two States. किसानों के लिए जो यूरिया चाहिए, उसके लिए There is no long term plan at all. Even if you look at the reply, you will know that there is no long-term plan at all; forget about today. Tomorrow, after four or five years, if the free market comes, what will happen to these States? Where from they will get Urea? Who is going to supply them Urea? They are totally dependend on other States, where there is already more demand or they will have to depend on imports. क्या हम लोग इसे रेगिस्तान बनाने जा रहे हैं? What are you going to do? Is it not the biggest case of regional imbalance? I would like to know from the hon. Minister whether the Government is taking any steps, either for making a brown-field unit or इनफास्ट्राक्चर जो अभी भी है, उसको लेकर या नया प्लान or green-field unit के बारे में What steps the Government have taken? It is being left जो रिप्लाई में दिया गया है कि There is no decision for any fresh investment. There is no proposal at present, for removal of control on distribution of Urea. I would like to know whether it is immediate...

MR. CHAIRMAN: You put your question.

SHRI DIPANKER MUKHERJEE: This is my question. What

steps the Government are planning to take so that the non-urea producing States in this country do not become victims of the regional discrimination. What steps the Government are going to take to see that these States do not become deserts for want of Urea. What are the specific long-term and short-term measures that the Government purpose?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: चेयरमैन साहब, पहले तो मैं यह बताना चाहता हूं कि ये सभी-दो को छोड़कर-सभी 1999 से बंद पड़े हैं और कोई भी कुछ प्रोडयूज नहीं कर रहा, तीन साल हो गये हैं। 1992 से यह कम्पनीज़ सिक हैं और इनको 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा लॉस हो चुका है। इसके अलावा जब ये प्रोडयूज़ नहीं कर रहे तब भी किसी भी स्टेट में यूरिया की कोई कमी नहीं आयी है। यह कहते हैं कि जब डीकंट्रोल हो जाएगा तो फिर कैसे मिलेगा? महोदय, यूरिया को छोड़कर बाकी सभी फर्टीलाइज़र डीकंट्रोल हैं, क्या उसकी कमी आयी है? इसलिए जहां तक कमी का सवाल है, किसानों को देश के किसी हिस्से में यूरिया की कोई कमी न आयी है और न आने देंगे इनके लिए बी॰आई॰एफ॰आर॰ में गये-ए॰ए॰आई॰एफ॰आर॰ में भी रिजैक्ट हो गया। इसके बावजूद इसे देखते हुए सरकार ने-जैसा उन्होंने कहा कि बिहार के मिनिस्टर हैं या बंगाल के मिनिस्टर हैं, ऐसा नहीं है, यह पूरे हिन्दुस्तान की बात है और बिहार भी उसमें आता है--गवर्नमेंट ने फैसला किया कि ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया ताकि यह देखा जा सके कि कौन-सा इनमें से चल सकता है--यह देखा कि नामरूप चल सकता है तो हमने पहले ही 509 करोड़ रुपये देकर उसका दुबारा रिवाइव किया है, उसका ऐक्सपैंशन किया है और वह चल रहा है, काम हो जाएगा। इस संबंध में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया गया है। उसकी तीन-चार मीटिंग्स हो चुकी हैं और वे देख रहे हैं कि किस तरीके से इनकी रीस्ट्रक्चरिंग हो सकती है। फाइनेंस मिनिस्टर उस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स के चेयरमैन हैं। इसलिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। अगर कोई इतना वायबल नहीं होगा, 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा लॉस में वे जा चुके हैं और कुछ कमा नहीं रहे, बंद पड़े हैं, कुछ पैदा नहीं हो रहा है तो मुझे समझ में नहीं आ रहा कि अगर वह चल नहीं सकते तो उसका फासदा क्या होगा? इसलिए सभी ईशूज़ पर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स देख रहे हैं। जहां-जहां भी होगा--मैं इनके जज्बात को समझाता हूं और मैं यह भी समझता हूं कि अगर कुछ चल सकता है तो हम कुछ करेंगे। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर भी विचार कर रहे हैं कि कौन-कौन सी यूनिट्स रिवाइव हो सकती हैं और कैसे हो सकती हैं। उस संबंध में हम कोशिश करेंगे।

SHRI DIPANKER MUKHERJEE: Sir, I presume that whatever the non. Minister has said just now on the floor of the House that the recommendation of the Expenditure Reforms Commission, vis-

a-vis, distribution of Urea, so far as this country is concerned, will not be implemented till a Urea producing plant is installed in the Eastern Zone. This is the first assurance, I presume, as far as what he has said. Otherwise, किसानों को अवेलबिलिटी कभी भी इन्श्यौर नहीं सकती है, बातों से नहीं हो सकती है।

My second supplementary is: I have again said that I am not bothered about the sick units that you are talking about. We have heared a lot on this. मेरा प्वांइट यह है कि इसमें फायदा यह है कि कोई नया प्लांट भी आप लाना चाहें तो लैंड से लेकर सब इनफास्ट्रक्चर तैयार करने में 30 परसेंट कॉस्ट लगेगी। ब्राउन फील्ड प्लांट ज्वाइंट सेक्टर में हो, प्राइवेट सेक्टर में हो, कॉआपरेटिव सेक्टर में हो, क्यों नहीं कोशिश की जाती है? My second question pertains to a news report which appeared on 08th May, 2002. The cooperative sector, the IFFCO and the KRIBHCO, has got 25 per cent production capacity in this country. The Government of India has got 80 per cent equity there. The IFFCO and the KRIBHCO want to make a joint bid for the Hindustan Petroleum and the Bharat Petroleum. देश में हो क्या रहा है? The KRIBHCO has a surplus of Rs. 1500 crores. इन्कम टैक्स देते हैं 100 करोड़। These are the cooperative units. They have no units in the Eastern Zone. They say that they have surplus funds to bid for the Hindustan Petroleum and the Bharat Petroleum. Can't they be asked by this Government that instead of investing money in the petroleum sector, they should go where they have got an expertise, and have one unit wherever they want. It need not be in West Bengal? They can establish a unit in any part of the Eastern Zone. It need not be in West Bengal. I know the hostility of this Government. It need not be in West Bengal. It can be in any part of the Eastern Zone. Why don't you convince the KRIBHCO and the IFFCO to, at least, set up a brown-field or a green-field Urea plant in any part or the Eastern zone? Is it acceptable? I am not parochial, *sardar sahab.*

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सर, मैंने कहा कि जब कोई भी प्लांट लगता है तो उसकी वायेबिलिटी देखनी होती है।....(**व्यवधान**).... नंबर दो, यहां पर कमी कोई नहीं है और हमने इंटरनेशनल सिचुएशन भी देखी है। दुनिया में 2006 तक सरप्लस यूरिया है क्योंकि दो मुलक हैं हिंन्दुस्तान और चीन, यही सबसे ज्यादा यूज़ करते थे और अब दोनों ही सेल्फ सफिशिएंट हो गए है। इसलिए प्रोडक्शन ज्यादा है। इसके अलावा हमने ओमान में

क्रिभको और इफको के साथ काम शुरू किया है और वह फाइनल स्टेज पर है। 2005 में वह शुरू कर देगा और साढ़े सोलह लाख टन पैदा करेंगे जो सारा का सारा हम खरीदेंगे और उसी रेट पर खरीदेंगे। इसलिए कमी आने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है। लेकिन अगर कोई प्राइवेट लाना चाहता है तो यहां पर कोई लाइसेंसिंग नहीं है।..... (व्यवधान)....

श्री दीपांकर मुखर्जी: झारखंड वाले ओमान से उधार लाएंगे? यह क्या हो रहा है? हम बिहार और झारखंड के लिए फर्टिलाइज़र ओमान से लाएंगे? हमारे यहां तो कोयला है, सब कुछ है बंगाल, बिहार और उड़ीसा में, यह क्या हो रहा है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंढसा: वहां पर इसलिए लगाया है कि वहां पर गैस है और जितना उनका एग्रीमेंट है, उतनी गैस वे देंगे। .....(व्यवधान)...

श्री दीपांकर मुखर्जी: तो ईस्टर्न ज़ोन को गैस न मिले और यूरिया न मिले?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: ईस्टर्न जोन में त्रिपुरा में आए थे, हमने कह दिया कि यहां लगाना चाहते हो तो वहां पर गैस है। तो उस ग्रुप ने कहा कि हम देख रहे हैं कि त्रिपुरा में कोशिश करेंगे। अगर कर सकते हैं तो we have no objection अगर कोई प्राइवेट आदमी लगाना चाहता है तो हमें क्या ऑब्जेक्शन हो सकता है? ...(व्यवधान)...

श्री दीपांकर मुखर्जी: इंसेंटिव दीजिए, दबाव डालिए।

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: कोई ज़ोर से तो लगवा नहीं सकता है।

श्री मोती लाल वोरा: माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि ये जो चार यूनिट हैं—हिंदुस्तान फर्टिलाइज़र कारपोरेशन लिमिटेड, फर्टिलाइज़र कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड और पाइराइट्स, फॉस्फेट एंड केमिकल्स लिमिटेड, आपने कहा कि इन चार यूनिट्स में लगभग 15 हजार करोड़ का घाटा सरकार का हुआ है। महोदय, मुझे यह मालूम है कि क्रिभको और इफको की बात लगातार काफी वर्षों से होती रही है। जब कभी भी यह प्रश्न उपस्थित हुआ तो उसका इलाज यही बताया गया कि क्रिभको और इफको को हम पूरी तरह सामने लाएंगे। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर का यूनिट है, हजारों कर्मचारी इस यूनिट में लगातार कई वर्षों से संघर्षरत हैं। इफको की बात आठ साल पहले भी कही गई थी। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो मंत्रिमंडलीय समिति आपने बनाई, उस समिति के बनने के ग्यारह महीने का समय बीत चुका है और ग्यारह महीने के बाद भी इस समिति ने अपनी रिपोर्ट नहीं दी है। आप कह रहे हैं कि सक्षम प्राधिकारी के समक्ष इस रिपोर्ट को प्रस्तुत किया

जाएगा। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह समय कब आएगा? सक्षम प्राधिकारी के समक्ष यह रिपोर्ट कब प्रस्तुत की जाएगी? दूसरे अगर आप कहते हैं कि प्राइवेट सेक्टर में हम लोगों को एनकरेज करेंगे तो क्या माननीय मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्राइवेट सेक्टर के कितने आवेदन आपके पास अब तक आए हैं? तीसरी और आखिरी बात यह है कि आपके जितने संयंत्र हैं उनमें कितने कर्मचारी हैं जिन्हें आज तक वेतन नहीं मिला है। दस-दस साल बीत चुके हैं। आपने कहा कि 1992 से लेकर 1997 तक और आज 2002 आ गया है, मैं जानना चाहता हूं कि कितने कर्मचारियों को आज तक वेतन नहीं दिया गया है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सभापति महोदय, मार्च तक का वेतन सभी को दिया जा चुका है। कोई भी ऐसा कर्मचारी नहीं है जिसे मार्च 2002 तक वेतन नहीं मिला है। जहां तक प्राइवेट कंपनी की बात है, क्योंकि कंट्री सैल्फ सफिशिएंट है, इसलिए पंजाब में संयंत्र लगाने के लिए पंजाब गवर्नमेंट के पास बात आई थी लेकिन उन्होंने वहां की स्थिति देखकर कहा कि यहां तो अभी डिमांड ही नहीं है। वे दोबारा हमारे पास नहीं आए, शुरू नहीं किया। अगर कोई हमारे पास आता है, वैसे आने की जरूरत नहीं है क्योंकि इसमें लाइसेंस तो रिक्वायर्ड है ही नहीं, कोई भी कहीं भी लगा सकता है लेकिन अगर हमसे कोई प्राइवेट कंपनी मदद लेना चाह तो उसके लिए हमारा डिपार्टमेंट तैयार है। वैसे उन्हें लाइसेंस की जरूरत नहीं है, इसलिए कोई भी, कहीं भी यूनिट लगा सकता है।

श्री मोती लाल बोरा: सभापति जी, मंत्रीमंडलीय समिति की रिपोर्ट को दिए हुए ग्यारह महीने हो चुके हैं। आखिर कब तक इसका समाधान होगा?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सभापति जी, मैंने कहा है कि चार मीटिंग्स हो चुकी हैं और मेरा ख्याल है कि आफ्टर सेशन फाइनेंस मिनिस्टर लास्ट मीटिंग बुलाएंगे। हो सकता है कि इसी मंथ मीटिंग बुला लें और मेरा ख्याल है कि वह लास्ट और फाइनल मीटिंग होगी। हम जल्दी ही कोशिश करेंगे कि महीने, दो महीने में इसे फाइनेलाइज कर दें।

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: सभापति जी, दीपांकार मुखर्जी और मैं बार-बार इस सदन में अस्सी के दशक से फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन रिवाइवल के लिए बोलते आ रहे हैं ये कह रहे हैं कि 1992 में बंद हुआ है। सुमितोमो कॉर्पोरेशन की कन्सल्टेंसी कब से ली गई और उसके रिवाइवल पैकेज के लिए कितनी बार उन्हें कन्सल्टेंसी फीस दी गई है? आज एक्सपेंडीचर कमीशन जब इन मामलों को कंसीडर करता है तो क्या वह देखता है कि ये आखिर प्लान्ट फेल क्यों हुए? क्या इनकी असेसमेंट हुई? क्या इसके लिए ओब्सलीट टेक्नोलॉजी जिम्मेदार है, लेबर प्राब्लम जिम्मेदार है, कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन

ज्यादा हो गई है? वह जिम्मेदार है या प्रोडक्शन की पूरी कैपेसिटी का यूटिलाइजेशन नहीं हो रहा है, वह जिम्मेदार है? कौन जिम्मेदार है? जब तक आप उसका अल्टरनेटिव नहीं देंगे, बंद करके जो गैप क्रिएट कर रहे हैं, उससे इस क्षेत्र में हाहाकार मचेगा। मंत्री जी आप स्वयं कृषि प्रधान क्षेत्र से आते हैं, आप जानते हैं कि अगर किसान को फर्टिलाइजर न मिले तो क्या होता है। आपके यहां, पंजाब में तो ओवर यूज ऑफ फर्टिलाइजर के कारण वहां डेजर्ट होने जा रहा है। अगर आप यह बात कहते हैं कि साहब, हम ऑर्गेनिक खाद की जगह इनऑर्गेनिक में स्विच-ओवर कर रहे हैं इसलिए इन प्लान्ट्स को बंद करके या मॉर्डेनाइजेशन लाकर ऑर्गेनिक खाद की बात हम सोच रहे हैं तब तो एक सवाल सामने आता है। परंतु आज इन चीजों को पूरा करने के लिए आपके पास क्या प्रावधान हैं? क्या लेबर को कोई पैकेज दिया है? वहां की जनता को कोई पैकेज दिया है? वहां की टोटल इकोनॉमी जो ब्रेक कर रही है, उसके लिए कोई पैकेज बनाया है या कोई और ऐसा सोच-विचार हुआ है क्या आपने उसका असेसमेंट करके निकाला है क्यों बंद हुए? क्या इसके लिए ओब्सलीट टेक्नोलॉजी की रिस्पोंसिबिलिटी फिक्स करेंगे? जिसने इसे नेगोशिएट किया था उसके लिए कोई रिस्पोंसिबिलिटी फिक्स करेंगे कि यह ओब्सलीट टेक्नोलॉजी बाहर से आई है, भारत की नहीं है? जो इसे लेने गए थे, जिन्होंने दस्तख्त किए थे, चाहे वे मंत्री रहे हों या कोई ऑफीसर रह हों, क्या उन पर कोई कार्रवाई होगी या फिर आज देश उसके लिए सफर करेगा? क्या आपने इस पर कोई विचार किया है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सभापति जी, इसके कई कारण हैं। माननीय अहलुवालिया जी ने खुद ही कहा है कि एक तो मशीनरी कई जगह मैच नहीं करती, मिसमैच हुई। कुछ कहीं से लाए और कुछ कहीं से लाया गया, कुछ कहीं से आ गई। फिर भर्ती ज्यादा हो गई, वर्क फोर्स भी ज्यादा हो गई। तीसरी बात यह हुई कि जब यह घाटे में जाना शुरू हुआ तो नैचुरली उस पर दबाव बढ़ गया। इस तरह से कई कारण हुए। इसके इतना घाटे में जाने का कारण वह नहीं चल सकी इसलिए बी॰आई॰एफ॰आर॰ में गई। एफ॰सी॰आई॰ तो बी॰आई॰एफ॰आर॰ तथा ए॰ए॰आई॰एफ॰आर॰ में भी रिजेक्ट हो गई। जहां तक इम्प्लाइज का सवाल है तो मेरे माननीय दोस्त से भी इस बारे में कई दफा चर्चा हुई है कि उनका इंट्रस्ट प्रोटेक्ट किया जाएगा। इस बात के लिए मैं माननीय अहलुवालिया जी और सारे हाउस को यकीन दिला सकता हूं कि उनका इंट्रस्ट पूरी तरह से प्रोटेक्ट किया जाएगा।

श्री प्रेमचंद गुप्ता: सभापति जी, यूरिया के बारे में सरकार की सोच पर बड़ा आश्चर्य होता है। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि ओमान में फर्टिलाइजर प्लान्ट इसलिए लगाया जा रहा है क्योंकि वहां गैस है। गैस तो आपके झारखंड में भी है और वह भी मीथेन गैस है जो कि बेस्ट रॉमैटीरियल है? आपने इसके लिए क्या किया? वहां सारी कोल बेल्ट

जल रही है, मीथेन गैस जलती जा रही है। सर्वे हो चुके हैं। देश के अंदर गैस है और आप ओमान में प्लान्ट लगा रहे हैं। ये कहते हैं कि इन यूनिट्स में इनका पंद्रह हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। आप हजारों करोड़ रुपयों की एक्सेस सब्सिडी दे चुके हैं। आपके डिपार्टमेंट ने गलत सब्सिडी दी हैं। मान्यवर, मैं जानना चाहता हूं कि ये जो प्लान्ट्स हैं, जो सिक हो गए हैं, ये किस वजह से हुए हैं? क्या टेक्नोलॉजी गलत लाई गई है या एक्सेस मैन पावर हुआ है या उन्हें ठीक ढंग से मेन्टेन नहीं किया गया है, यह एक अलग बात है? आज ये ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट विदेशों में जाकर लगा रहे हैं। उसकी जगह अगर यहां लगाया जाए, माननीय दीपांकार मुखर्जी ने भी कहा कि इससे तीस परसेंट कोस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर में कमी हो जाती, आपके जगदीशपुर तक जो गैस पाइप लाइन गई हुई है अगर उसे थोड़ा-सा और बढ़ा दिया जाता उसमें पांच-छह सौ करोड़ रुपये की और कोस्ट आती, क्या आपने इसे स्टडी किया है या हवा में ही घोड़े दौड़ा रहे हैं। आप कहते हैं कि हम वहां इसलिए जा रहे हैं क्योंकि वहां गैस है तो गैस तो राजस्थान में भी है, हमारे गुजरात में भी गैस जल रही है। मान्यवर, इसके बारे में एक कम्प्रहेंसिव पॉलिसी होनी चाहिए। ईस्टर्न स्टेट्स के साथ इनका जो एक भेदभाव का रुख चल रहा है वह ठीक नहीं है। यह बात ठीक है कि राजनीति करना आपका और हमारा काम है लेकिन ऐसी राजनीति नहीं की जाती जिसमें एक पर्टिकुल एरिया को डिप्राइव कर दिया जाएं इसके बारे में आप क्या कहना चाहते हैं? क्या झारखंड में मीथेन गैस नहीं है? क्या ओमान का प्लांट फाइनेलाइज करना, जहां गैस है क्या उसका सर्वे करवाया है जो आप वहां मिलियन्स डॉलर्स की इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं। इसमें आप एक परमानेंट इम्पोर्ट का साधन कर रहे हैं जिसमें आपका फोरेन एक्सचेंज का आउट फलो रेग्युलरी होगा।

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: मैं ऑनरेबल सदस्य से कहना चाहूंगा कि ये सब टेस्ट करवा लिए गए हैं, मीथेन गैस से अभी यहां फर्टिलाइजर नहीं बनता। गैस तो हमें जितनी मिलनी चाहिए, जो प्रोजेक्ट अभी चल रहे हैं, उनके लिए भी नहीं मिल रही है। जितनी जरूरत है उससे भी बीस-पच्चीस परसेंट कम मिल रही है। गैस तो हिन्दुस्तान में है ही नहीं, अगर हो तो हमें क्या ऐतराज है लगाने में। गैस नहीं है, इसीलिए ज्यादा नहीं आ रहे हैं। जहां तक शार्टेज का सवाल है तो मैं कहना चाहता हूं कि कोई शार्टेज नहीं है और न ही शार्टेज आने दी जाएगी।

श्री प्रेमचंद गुप्ता: सभापति जी, इन लोगों ने गैस को एक्सप्लोर नहीं किया। अगर झारखंड में गैस नहीं है तो यह बात मंत्री जी ऑफिशियल रिकार्ड में ले आएं और इस पर एक डिबेट हो जिससे सबको पता चल जाएगा कि गैस नहीं है। आपके ओ॰एन॰जी॰सी॰ और जो दूसरी ऑर्गेनाइजेशन्स हैं उन्होंने एक्सप्लोर करके कंफर्म किया है कि वहां गैस के रिर्वस हैं। रीटा वर्मा जी यहां बैठी हैं उनके क्षेत्र में भी गैस है।

श्री कलराज मिश्र: सभापति जी, फर्टिलाइजर का प्रश्न बड़ा गंभीर प्रश्न है और जिस तरीके से फर्टिलाइजर प्लान्ट्स सिक होते जा रहे हैं वह हमारे लिए बड़ी भयावह स्थिति को प्रस्तुत करता है। ऐसी स्थिति में जिस प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए उसमें मुझे कमी नजर आ रही है। जो ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटी है, उन्होंने इसके बारे में जांच-पड़ताल की और उन्हें लगता है कि अमुक-अमुक कारण हैं जिसके कारण ये बंद हुए, उसकी रिपोर्ट सक्षम अधिकारी के पास अभी तक न प्रस्तुत होना इस गंभीरता को और गंभीर कर रहा है। मान्यवर, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ऐसी स्थिति में एक सुनिश्चत तिथि कब तक निर्धारित हो जाएगी? अगर मंत्री जी कड़ाई के साथ इन रिकमेंडेशन्स के अनुरूप कार्रवाई करते तो अच्छा रहता, मैं इसके बारे में जानकारी चाहता हूं। दूसरे, मैं यह जानना चाहूंगा कि लगातार एक दशक से गोरखपुर की फर्टिलाइजर फैक्ट्री बंद है, उस के बारे में क्या व्यवस्था की गई है? उस फैक्ट्री के बारे में लगातार सवाल उठाया जाता रहा है, शासन का ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है और बार-बार आश्वासन भी मिलते रहे हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ है। तो क्या मंत्री जी विचार करेंगे कि इस विषय को ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटी के अध्ययन के अंतर्गत रखा जाएगा और अगर रखा जाएगा तो गोरखपुर की इकाई कब खुलेगी? क्या इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था की जाएगी?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: महोदय, यह ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटी सभी सिक कंपनीज के लिए बनी है और इस में हम सभी सिक कंपनीज को देख रहे हैं।

प्रो॰ रामगोपाल यादव: श्रीमन्, माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया है कि ओमान में प्लांट इसलिए लगा रहे हैं कि यहां गैस की कमी है। मैं उन से जानना चाहूंगा कि क्या यह सच नहीं है कि जो निजी कंपनियां हैं, उन को तो गैस उपलब्ध हो जाती है, लेकिन जो सरकारी उद्यम हैं, जो सार्वजनिक कंपनियां हैं, उन को गैस की उपलब्धता में दिक्कत होती है? श्रीमन्, यह मामला कई बार उठा है। अंतुले साहब जब पेट्रोलियम की कमेटी के चैयरमेन थे, तब भी आप के विभाग को इस संबंध में इंस्ट्रक्शंस दिए गए थे। दीपांकर मुखर्जी साहब भी कनविनर के रूप में खुद कमेटी वहां ले कर गए थे और बहुत से इंस्ट्रक्शंस दिए थे, लेकिन इस सब के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई है। श्रीमान्, मैं माननीय मंत्री जी से दो बिंदुओं पर जानकारी चाहूंगा कि जब निजी कंपनियों को उन के उद्योग के लिए गैस उपलब्ध कराई जाती है तो सार्वजनिक कंपनियों व सरकारी कंपनियों को गैस की उपलब्धता में दिक्कत क्यों आती है? उन्हें इतने इम्पोर्टेंट मसले के लिए ओमन क्यों जाना पड़ रहा है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सर, यह तो पेट्रोलियम मिनिस्ट्री को देखना है कि कहां-कहां कितनी-कितनी देते हैं, लेकिन अपने लिए उन से चर्चा भी करते रहे हैं, मीटिंग भी करते हैं कि पूरी गैस मिलनी चाहिए, लेकिन वह मजबूरी जाहिर करते हैं कि पूरी गैस नहीं दे सकते।

Ticketless Travel in NR

*642. SHRI RUMANDLA RAMACHANDRAIAH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether more than Rs. 1.5 lakh were collected as penalty through surprise raids by the Northern Railway, during the last week of January, 2002;

(b) if so, whether the Railways have been conducting surprise raids in the past and a large number of passengers have been found travelling without ticket;

(c) if so, what were the total ticketless travellers held during 2001, sector-wise; and

(d) what steps are being taken to check ticketless travelling during the current year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI O. RAJAGOPAL): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the Sabha.

Statement

Regarding Ticketless Travel in NR

(a) Yes, Sir. A special drive against ticketless travel and unbooked luggage was conducted from 21.1.2002 to 27.1.2002 at three stations of Delhi area *i.e.* Delhi, New Delhi and Hazrat Nizamuddin and a sum of Rs. 3.97 lakhs was collected.

(b) and (c) Ticket checking on the Railways is a continuous process and surprise checks are also conducted from time to time.